(d) if not, whether such equipment will be despatched immediately to facilitate completion of this work?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI KABINDRA PURKAYASTHA): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) The equipment and cable etc. have been ordered. The scheme is likely to be commissioned by March' 99 subject to timely availability of equipment and cable.

राष्ट्रीय दूरसंचार कर्मचारी संघ की बैठक

526. **श्री मुनव्वर हसन** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 23 जुलाई, 1998 को राष्ट्रीय दूरसंचार कर्मचारी संघ (भारत) वर्ग "ग" के पदाधिकारियों की तत्कालीन संचार मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज के साथ बैठक हुई थी जिसमें दूरसंचार सचिव और सदस्य (सेवाएं) ने भी भाग लिय था;

(ख) यदि हां, तो उक्त बैठक में की गई मांगों पर सहमति के कारण सदस्य (सेवाएं) द्वारा 13 अगस्त, 1998 को संघ के पदाधिकारियों के साथ पुनः एक विभागीय बैठक बुलाई गई थी;

(ग) यदि हां, तो उनकी प्रमुख मांगे क्या थीं;

(घ) इस बैठक में किन-किन मुद्दों पर चर्चा की गई और किन-किन मांगों पर सहमति हुई , और

(ड) सरकार द्वारा प्रत्येक मांग पर क्या कार्रवाई की गई है अथवा किए जाने का प्रस्ताव है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ): (क) जी, नहीं ।

(ख) संघ की मांगों पर विचार करने के लिए संघ के सदस्यों की 13.8.98 की सदस्य (सेवाएं) के साथ अनौपचारिक बैठक हुई ।

(ग) से (ड) मुख्य मांगे मुख्यतः फोन मैकेनिकों/तकनीशियनों/टी.टी.ए. इत्यादि के लिए बेहतर सेवा अवसरों (पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग द्वारा संस्तुत वेतनमानों से उच्चतर वेतनमानों सहित) से संबद्ध है । एसोसिएशनके सदस्य यह भी चाहते हैं कि फोन मैकेनिक की टी.टी.ए. के स्वर्ग पर पदोन्नति के लिए निर्धारित 5 वर्ष की अवधि को कम करके 2-3 वर्ष तक कर दिया गया । बैठक में उनकी मांगों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ । ऐसी मांगों के लिए जिनमें 5वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें में संशोधन निहित था, संघ के सदस्यो को यह मामला, स्टाफ पक्ष के सचिव के जरिए विभागीय विसंगति समिति में उठाए जाने की सलाह दी गई थी ।

New Project to Establish Telephone Exchanges in Manipur

527. SHRI W. ANGOU SINGH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up a new project to establish telephone exchanges in Manipur;

(b) if so, whether the locations, etc. have since been finalised; and

(c) by when the proposed project likely to be set up?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI KABINDRA PURKAYASTHA): (a) Yes, Sir.

(b) Yes, Sir.

: (c) Seven new telephone exchanges are proposed to be set up by March, 1999.

नई केबल लाइनें

528. **श्री डी. पी. यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वर्ष के दौरान देश में बिछाई गई नई केबल लाइनों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) देश में कुल कितने नए केन्द्रों को एस. टी. डी. सुविधा से जोड़ा गया है;

(ग) क्या विभाग लम्बी दूरी की कॉलों पर प्रभार घटाने पर विचार कर रहा है, और

(घ) यदि हां, तो कब तक, और यदि नहीं , तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ) : (क) चालू वर्ष के दौरान 30.9.98 तक 120 एल. सी.के. एम. (लाख कंडक्टर किलोमीटर) केबिल बिछा दी गई है ।